>

Title: Need to rehabilitate families displaced due to erosion of village land caused by river Gandak in Gopalganj parliamentary constituency, Bihar.

श्री पूर्णमासी राम (गोपालगंज): मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र बिहार राज्य के गोपालगंज के ग्राम कटघरवा, गमहरीया में गण्डक नदी के पानी से भयानक कटाव हो रहा है। दोनों गांवों के करीब 400 से अधिक परिवार विस्थापित हो गए हैं। इसी प्रकार पिछले वर्ष भी 4 प्रखण्डों में यथा गोपालगंज, कूचायकोट, बरौली एवं माझा में गण्डक के पानी से कटाव के चलते हजारों परिवार बेघर हो गए हैं। हजारों एकड़ फसल और जमीन कटाव हो जाने से बर्बाद हो गई है। वहां किसानों के परिवार भुखमरी की स्थिति में आ गए हैं।

मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि इन विस्थापित परिवारों को पुनर्वासित कराने का कष्ट करें।